
# 100 गीगावाट सौर ऊर्जा क्षमता

**स्रोत: पी.आई.बी.**

भारत ने **100 गीगावाट की संस्थापित** सौर क्षमता की **ऐतिहासिक उपलब्धि** प्राप्त की, जो वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट **गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा** क्षमता के अपने महत्त्वाकांक्षी लक्ष्य को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

- **सौर क्षमता में वृद्धि: विगत दशक** में इसमें 35 गुना वृद्धि हुई है, **जो वर्ष 2014 में 2.82 गीगावाट** से बढ़कर वर्ष 2025 में 100 गीगावाट हो गई है।
  - सौर और हाइब्रिड परियोजनाओं की कुल **क्षमता 296.59 गीगावाट है।**
  - **पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना** के अंतर्गत आवासों की छतों पर **9 लाख** रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन किये गए।
- **जलवायु लक्ष्यों में सौर ऊर्जा का योगदान:** सौर ऊर्जा का **भारत की कुल** नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में **47%** का योगदान है।
- **रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन वाले शीर्ष राज्य: राजस्थान, गुजरात, तमिलनाडु,** महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश।
- **विनिर्माण में वृद्धि:** सौर मॉड्यूल उत्पादन क्षमता वर्ष **2014 में 2 गीगावाट** थी जो **वर्ष 2024 में बढ़कर 60 गीगावाट** हो गई।




**और पढ़ें:** [सौर ऊर्जा क्षेत्र में प्रभुत्व प्राप्त करने हेतु भारत के प्रयास]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/100-gw-solar-power-capacity